खबर संक्षेप

वैश्य महासम्मेलन की बैठक 22 नवंबर को

मण्डला। वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष नितिन राय ने बताया आगामी 22 नवंबर को जिला मुख्यालय के उत्सव होटल कटरा में वैश्य महासम्मेलन की संभागीय बैठक आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश महामंत्री संदेश जैन, सत्यनारायण अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तपेश असाटी एवं विशाल कोठरी, संभागीय अध्यक्ष जबलपुर संजय साहू, मण्डला जिला प्रभारी सुनील अग्रवाल, बालाघाट जिला अध्यक्ष संदीप नेमा, जिला बालाघाट प्रभारी सुभाष गुप्ता के समस्त सदस्य, पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मंडला और बालाघाट जिला के संभागीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने बताया विगत दिवस प्रदेश कार्यालय की अनुशंसा से रंजीत कछवाहा को मंडला एवं बालाघाट जिला का संभागीय महामंत्री और अखिलेश सोनी को मण्डला तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों की जो नई नियुक्ति हुई है। उनको सम्मानित किया जाना है। सभी आजीवन सदस्यों से आग्रह किया है उपरोक्त बैठक में अनिवार्य रूप से अपना अमूल्य समय दें। क्योंकि, प्रत्येक संगठन में उसका संख्याबल और सक्रियता सबसे अहम होती है। इसलिए इस संभागीय बैठक के पश्चात मंडला और बालाघाट जिला की सभी तहसील में आगामी माह दिसंबर में तहसील स्तर पर सम्मेलन कर तहसील कार्यकारिणी का गठन किए जाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने जोर देकर आग्रह किया है। वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई अध्यक्ष अनीता गोयल और युवा अध्यक्ष सोमिल रावत ने कहा वैश्य महासम्मेलन मण्डला द्वारा 22 नवंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस संभागीय बैठक में सभी इकाई प्रमुख अपने सदस्यों और पदाधिकारियों को उपस्थित होने अपील की है।

5 दिनों के अंदर 2 आदेश, व्यवस्था पर खड़े होते प्रश्नचिन्ह

अधीक्षक पर एक माह में निकले दो आदेश

*** पहले प्रभार छीना और फिर प्रभार को यथावत रखने जारी किया आदेश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासकीय कन्या शिक्षक परिसर चटुआमार विकासखंड मण्डला में पदस्थ अधीक्षक श्रीमति प्रतिभा मरावी का कभी सहायक आयुक्त स्थानांतरण करते है तो कभी उन्हें पुनः पदस्थ कर देते हैं। लंबे समय से पदस्थ श्रीमति प्रतिभा मरावी की शिकायत पूर्व में भी की जा चुकीं हैं। यहीं नही जनप्रतिनिधियो ने भी इस संबंध में पत्राचार किया है। इसके बाद भी सहायक आयुक्त मनमानी कर रहे हैं। एक ही माह में दो आदेश निकालकर यह प्रमाणित हो रहा है कि सबकुछ अपने हिसाब से ही अधिकारी चलायेंगे। मिली जानकारी के अनुसार ऐसा ही एक आदेश हाल ही में कार्यालय कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग जिला मण्डला क्रमांक/सहा. आयु./शि.स्था./2024/4504 आदेश मण्डला दिनांक 08/10/2024 में उल्लेख है कि शासकीय कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार मण्डला विकासखंड बहुत ही संवेदनशील विशिष्ट आवासीय संस्था है। संस्था में निवासरत छात्राओं के सुरक्षा, भोजन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हेतु श्रीमती पूजा डोंगरे माध्यमिक शिक्षक एकीकृत माध्यमिक शाला खलौड़ी विकासखंड मवई को आगामी आदेश पर्यन्त तक छात्रावास कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार मण्डला के अधीक्षक का संपूर्ण प्रभार सौंपा जाता है, अधीक्षक को परिसर में निवास करना अनिवार्य है। श्रीमती डोंगरे को निर्देशित किया जाता है श्रीमती प्रतिभा मरावी अधीक्षक से छात्रावास का संपूर्ण प्रभार प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जो आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया था। इसी के बाद दूसरा आदेश कार्यालय कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग जिला मण्डला क्रमांक/सहा. आयु / शि.स्था./2024/4786 दिनांक 13 अक्टूबर 2024 को आदेश निकाला गया जिसमें उल्लेखित किया गया कि कार्यालयीन आदेश क्रमांक/ सहा. आयु / शि.स्था./2024/4504 दिनांक 08.10.24 द्वारा श्रीमती पूजा डोंगरे माध्यमिक शिक्षक एकीकृत माध्यमिक शाला खलौड़ी विकासखंड मवई छात्रावास कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार मण्डला के अधीक्षक का संपूर्ण प्रभार सौंपा गया था उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। वर्तमान में श्रीमती प्रतिभा मरावी के अधीक्षक छात्रावास कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार मण्डला का प्रभार यथावत रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। एक ही माह में पांच दिनों के अंदर दो-दो आदेश निकालकर पूरी व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो गए हैं जबकि जबकि कन्या शिक्षा परिसर में यह महत्वपूर्ण पद माना जाता है अब देखना यह है कि इस पूरी व्यवस्था का जिम्मेदारी कब किसे और कैसे मिलेगी। ज्ञात हो कि पूरे जिले भर में शिक्षा व्यवस्था के बुरे हाल चल रहे है हर तरफ मनमर्जी दिखाई दे रही है जबकि कुछ ही दिनों में परीक्षा है ऐसे में हर दिन नए आदेश और निर्देश निकाला जाना चर्चा में बन गया है।

राज्य स्तरीय शालेय अंडर-19 वर्ग फुटबॉल प्रतियोगता मैं लक्ष्य व प्रभात का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शालेय खेल कलेंडर के अनुसार संभाग स्तरीय शालेय फुटबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता 08 अगस्त से 10 अगस्त तक कटनी में आयोजन किया गया था। जिसमें मंडला जिले के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें अंदर-19 वर्ग मैं दो खिलाड़ियों का चयन हुआ, राज्य स्तरीय शालेय फ़ुट्बॉल प्रतियोगिता का आयोजन 19 नवंबर से 21 नवंबर तक विदिशा ज़िले में आयोजित की जा रही है। जिसमें मण्डला ज़िले के दो खिलाड़ियों का चयन अंडर 19-वर्ष बालक राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगता मैं किया गया। जानकारी के अनुसार फुटबॉल कोच पंकज उसराठे ने बताया कि के मंडला ज्ञानदीप स्कूल के छात्र लक्ष्य मरावी व मोंटफॉर स्कूल के छात्र प्रभात पाली खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगता किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बाई वरकड़े, जिला खेल अधिकारी रविंद्र ठाकुर/कंधीलाल मरकाम सर, ज्ञानदीप स्कूल के प्राचार्य शफीक ख़ान ,मोंटफॉर स्कूल के प्राचार्य ब्रदर बिनु चेरियन, ज़िला फुटबॉल संघ के डॉक्टर दिलीप शर्मा, अनिल सोनी, राजेश पाठक, सुनील सराफ, सत्य नारायण अग्रवाल, मतीन ख़ान, दिग्विजय सिंह, समीर बाजपेई, डॉ आकाश खत्री, सोना दुबे, संदीप कछवाहा, त्रिलोक डोगरे, करुणा मसकोले, पी.टी.ई अभिषेक यादव, अभिषेक श्रीवास, कमलेश रजक, ब्रजमी बैरागी, सोनम कछवाहा, प्रथम चौकसे, पवन नंदा, शुभम सीधिया, मूसवी हैसन एवं नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब के समस्त सदस्य व सभी खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अन्नपूर्णा व्रत अनुष्ठान आज से

मण्डला। वरदान आश्रम अंजनिया के संचालक यज्ञाचार्य नीलू महाराज ने बताया कि 17 दिवसीय अन्नपूर्णा व्रत अनुष्ठान आज से प्रारंभ हो रहा है। यह व्रत प्रतिवर्ष मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी से शुरू होकर मार्गशीर्ष शुक्ल षष्ठी पर्यन्त किया जाता है जिसमें शास्त्र अनुसार कलश बनाकर जिसमे पीपल, वट, घृत कुमारी, धान की बाली, पलाश की पत्तियों से पांच पल्लव का निर्माण करके भगवती अन्नपूर्णा का आव्हान किया जाता है साध्वी कल्पतरु माता जी द्वारा विधि पूर्वक 17 दिनों तक व्रत रखकर माता का पूजन अर्चन किया जाता है।

कलेक्टर ने की वीरांगना आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला ने काशी विश्वनाथ वैदिक गुरूकुल के तत्वाधान में 11 कुण्डीय महायज्ञ व वीरांगना आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि वैदिक गुरूकुल तथा आर्य समाज वैदिक परम्पराओं से समाज से नागरिकों को जोड़ने का प्रयास कर रही है, जिससे पाश्चात्य संस्कृति की तुलना में वैदिक संस्कृति प्रसारित हो सके। कलेक्टर ने जिला प्रशासन द्वारा अपराजिता अभियान की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए आत्मरक्षा के प्रशिक्षण लिए वैदिक परम्पराओं की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकचेला ने काशी विश्वनाथ वैदिक गुरूकुल के द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, ढाल-तलवार, भाला आदि का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर एवं एसपी को युग प्रवर्तक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की चित्र भेंट की गई।

ज्ञात हो कि काशी विश्वनाथ वैदिक गुरूकुल के द्वारा जेल ग्राउंड में वीरांगना आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया था 13 नवम्बर से प्रारंभ हुआ शिविर का कल समापन समारोह था इसके पूर्व सोमवार को प्रशिक्षित वीरांगनाओं ने नगर में शोभायात्रा निकाली और शिविर के दौरान जो प्रशिक्षण प्राप्त किया था उसका प्रदर्शन किया। लाठी चलाना एवं तलवारबाजी करती इन वीरांगनाओं को देखकर नगरवासियों के चेहरे एवं मन खिल उठे थे।

किसान रवि फसल बीज के लिये परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

रवि फसल बोनी का मौसम चल रहा है। भारतीय किसान जो मौसमी खेती पर निर्भर है हर साल प्राकृतिक आपदा के कारण खेती में नुकसानी उठाते हैं। अन्नदाता किसान स्वयं खेती करते हुए भी प्राकृतिक आपदा से क्षति के कारण अपने पेट भरने के लिए भी अन्न नहीं पैदा नहीं कर पाता है विशेषकर वो किसान जो मौसम के ऊपर निर्भर होकर खेती करते हैं। ऐसे किसान अगले साल की बोनी के लिये भी बीज नहीं बचा पाते हैं और ऐसे किसान बोनी के समय आने पर बीज के लिए दर दर भटकते हैं। यही हाल विकास खण्ड नारायणगंज के किसानों का है। विशेषकर छोटे रकबा के किसान जब अपने परिवार के लिये सालभर खाने को अन्न नहीं उपजा सकते है फिर बीज के लिए गुणवत्ता युक्त बीज कैसे बचा पायेंगे और इसलिए विकास खण्ड नारायणगंज क्षेत्र के किसान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी विकास खण्ड नारायणगंज के चक्कर काट-काट कर एक माह से परेशान हैं ! परन्तु बीज जब ऊपर शासन से ही पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध ही नहीं है या सालाना खपत रकबा के हिसाब से मांग नहीं की गयी है? तो विकास खण्ड वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कहां से उपलब्ध करायें। विकासखण्ड नारायणगंज क्षेत्र के समस्त किसान कलेक्टर महोदय एवं उप-संचालक कृषि विकास एवं किसान कल्याण जिला मण्डला से विनम्र निवेदन करते हैं कि विकास खण्ड नारायणगंज के किसानों को गेहूं चना मसूर जैसे रवि फसल की बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

विरोध | **विजयपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन।**

दलित विरोधी नीतियों के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन

*** मण्डला एवं भुआबिछिया में हुआ प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

भाजपा की दलित विरोधी नीतियों के खिलाफ पूरे प्रदेश में कांग्रेश पार्टी ने अपना विरोध प्रदर्शन किया इस अवसर पर बिछिया ब्लॉक कांग्रेस कमेंटी ने धरना प्रदर्शन कर महा मुहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन बिछिया तयसीलदार को सौंपा ओर बताया की विगत 13 नवंबर, 2024 को मध्यप्रदेश के दो विधानसभा क्षेत्रों विजयपुर एवं बुधनी में सम्पन्न हुए उप चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने का जघन्य अपराध किया है। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में आम मतदाताओं को वोट डालने से वंचित कर उनमें भय का वातावरण निर्मित किया है, भारतीय जनता पार्टी के असामाजिक तत्वों द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया है और दलित समाज के लोगों के साथ मारपीट की गई है, उनकी फसलों को जलाकर नुकसान पहुंचाया गया है। भाजपा लोकतंत्र एवं दलित विरोधी पार्टी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार 19 नवंबर को ब्लॉक कांग्रेस बिछिया के द्वारा धरना प्रदर्शन कर महामहिम के नाम तहसीलदार बिछिया को ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर वरिष्ठ नेता ज्योत सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, जिला महामंत्री अशोक राजपूत, टेकराम राय, अरूण पाण्डे, झुन्ना ठाकुर, अशोक ज्योतिषी मोहन पटेल दादा भाई, डमरू राजपूत रम्मू ठाकुर अमन राजपूत, अक्षत झारिया भोला यादव कलीराम मार्को लखन आयाम, लाल सिंह कुड़ापे सुनहर सिंह राजपूत रतन पंद्रे रोजिल खान समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मण्डला में भी कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

मध्यप्रदेश में विजयपुर विधानसभा का उपचुनाव का मतदान 13 नवंबर, 2024 को सम्पन्न हुआ, उक्त मतदान के दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं असामाजिक तत्वों ने मिलकर अनुचित कार्य करते हुए मतदान को प्रभावित करने के साथ-साथ हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया तथा रात में गोहटा गांव में बदमाशों ने दलित बस्ती में घुसकर तोड़फोड़ की तथा घरों में आगजनी की, उनकी फसलों में आग लगाकर नुकसान पहुंचा गया एवं गांव में स्थापित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति को भी तोड़कर खंडित कर दिया। गोहटा गांव में आतंक के कारण भय का वातावरण इस तरह निर्मित हो गया था कि ग्रामीणजन अपनी शिकायत लेकर थाने तक जाने में डर रहे थे और वे थाने भी नहीं पहुंच सके। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी, रजनीश रंजन उसराठे, विनोद चौधरी, बब्बी राय, श्रीकांत कछवाहा, दीपेश बाजपेई, सौरभ साहू, कोविद सिंह ठाकुर, जावेद कुरैशी, अमन लाहौरी, योगेश उपाध्याय, राजेश मिश्रा सहदेव मरावी और मीडिया विभाग से विवेक दुबे आदि कांग्रेस जन शामिल रहे।

कोटवार को दी गई शासकीय भूमि पर बस स्टैंड बनाने की मांग

*** साढ़े सात एकड़ भूमि है नेशनल हाइवे के किनारे खड़देवरी में अनेक मार्गों का केन्द्र बिन्दु है यह स्थान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दशकों पुराना मण्डला शहर का बस स्टेंण्ड अब आवागमन में बाधित प्रतीत हो रहा है जिसके लिए शासन प्रशासन भी चिंतित है नये बस स्टेण्ड बनाने के लिए जगह तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार एक सर्वे गाजीपुर तिंदनी में किया गया था जो आपत्ति दर्ज होने की वजह से निरस्त कर दिया गया है इसी बीच विगत दिवस कलेक्टर की जनसुनवाई में सैंकड़ो लोगों से हस्ताक्षरित आवेदन पत्र समाज सेवियों द्वारा प्रेषित करते हुए मांग की गई कि शहर से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पीपरपानी खड़देवरी में नेशनल हाईवे ओवर ब्रिज से लगी हुई शासकीय भूमि खसरा नम्बर 415(S) रकवा 2.8900 हे0 (साढ़े 7 एकड़) पर बस स्टेण्ड बनाया जाता है तो बेहतर होगा। उक्त भूमि वर्तमान में कोटवार चमरू वल्द घन्नू सेवादार के रूप में दर्ज है। कोटवार को निर्धारित मानदेय देकर उक्त भूमि को अधिगृहित किया जा सकता है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जबलपुर रायपुर मार्ग में स्थित उक्त स्थल मण्डला, डिण्डौरी, घंसौर, घुघरी, हिरदेनगर, बम्हनी आदि अनेक मार्गों का केन्द्र बिन्दु है और यहां से बालाघाट नेशनल हाईवे का निर्माण होना भी प्रस्तावित है उक्त मांग का आवेदन पत्र स्थानीय विधायक व पीएचई मंत्री सम्पतिया उइके सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते व भाजपा जिला अध्यक्ष भीष्म दिवेदी को भी प्रेषित किया गया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जांच कराने की बात कही गई है।

खबर संक्षेप

मोहरकांत बने पिछड़ा वर्ग महापंचायत के प्रदेश मंत्री

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम जमाडा निवासी तथा मिलनसार स्वभाव के धनि भाजपा के युवा नेता मोहरकांत पटैल को पिछड़ावर्ग महा पंचायत मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा द्वारा प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। मोहरकांत की नियुक्ति से निश्चित ही संगठन को मजबूती मिलेगी।

भव्य कलश यात्रा के साथ कान्हरगांव में हुये श्रीराम कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। निश्चित तौर से जब किसी गांव में कोई धार्मिक आयोजन होता है तो गांव के लोग भगवान की भक्ति में लीन होने से नही चूक पाते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई आज से ग्राम कान्हरगांव में देखने मिलेगी और पूरागांव राममय होते हुये दिखाई देने से नही चूकेगा। ज्ञात हो कि ग्राम के साईधाम मंदिर समिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्य संगीतमय श्रीराम कथा के आयोध्याकांड का आयोजन आज 20 नवंबर से 26 नवम्बर तक किया जा रहा है। रामकथा शुरू होने के पहले ग्राम में भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें ग्राम की महिलाओं के साथ साथ पुरूष व बच्चों ने भाग लेते हुये ग्राम के सड़कों को पूर्णरूप से राममय बना दिया गया था। वही आज दोपहर 2 बजे से कथा वाचक पं.वीरेन्द्र शास्त्री संत बरहटा वालों द्वारा भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन सुनाया जावेगा।

रेल पटरी पार करना बन सकता जिन्दगी को खतरा

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ मॉगने के हकदार है, किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों त्यौहारों की धूमधाम और शालाओं में चल रहे अवकाशों के कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेट फार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीड भाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए या फिर जल्द बाजी में दूसरे प्लेट फार्म पर पहुंचने के लिये अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न करते हुये मासूम बच्चों को लेकर पटरी पार करने से नही चूकते है, इसमें महिलाएं भी पीछे नही रहती है, इतना ही नही हालत यह है कि कभी कभी तो रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। अक्सर देखा जाता है कि अनेक रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है। जब प्लेट फार्म कूद कर रेल लाईन पार करना अपने आप में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटाते हुये प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

बदहाली का शिकार सालीचौका शमशान घाट

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका। जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा गांव गांव शमशान घाट बनाने के लिए करोड़ो की राशि खर्च करते हुए निर्माण कराया जा रहा है, मगर वही दूसरी ओर जो शमशान घाट पहले से ही बने हुए है उनकी देखरेख में बरती जा रही उदासीनता के चलते वह बदहाली का शिकार होते हुए देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सालीचौका शमशान घाट में देखने मिल रही है, जहां पर स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि जरूरत पड़ने पर जब लोग इस शमशान घाट में पहुंचते है तो उनका अंदर घुसपाना मुश्किल हो जाता है। क्योंकि शमशाम घाट के अंदर ऊग रही काटेदार झाड़ियो के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करते हुए देखा जाता है।

राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में म.प्र. की बालक व बालिका वर्ग दोनों टीमें क्वाटर फाईनल में हुई पराजित

आज प्रतियोगिता का होगा समापन, मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खेल मंडी सारंग होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर आयोजित की जा रही 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता अपने अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। वही इस प्रतियोगिता का आज समापन प्रदेश के खेल एवं कल्याण व सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथ्यि में किया जावेगा। वही समापन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक तथा शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह द्वारा की जावेगी। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सासंद कैलाश सोनी मौजूद रहेगे। इस तरह पांच दिवसीय इस राष्ट्रीय आयोजन की कबड्डी प्रतियोगिता के चौथे दिन मंगलवार को बालक एवं बालिकाओं की विभिन्न टीमों के मध्य खेले गए मेचों के उपरांत सेमीफाइनल मेचों की स्तिथि स्पष्ट हो गईं हे। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम सेमी फाइनल हरियाणा व कर्नाटक एवं दूसरा सेमीफाइनल महाराष्ट्र व राजस्थान के मध्य खेला जायेगा। वही दूसरी ओर बालिका वर्ग में तमिलनाडु व उप्र एवं पंजाब व हरियाणा के मध्य सेमीफाइनल मैच समाचार लिखें जाने तक जारी थे। वही प्रतियोगिता में मप्र की उम्मीदों का करारा झटका उस समय लगा ज़ब लगातार मेहनत करने के बाद भी क्वाटर फाइनल मैच में मप्र के बालक वर्ग की टीम महाराष्ट्र से 5 अंको से तथा बालिका वर्ग में म प्र की टीम पंजाब से कम अंतर से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। इस प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए मेचों के बारे मे प्रचार प्रसार समिति के सहप्रभारी मधुसूदन पटैल से मिली जानकारी के अनुसार बालक वर्ग के प्री क्वाटर फाइनल मैचों में हरियाणा ने हिमाचल प्रदेश को 41 अंक तो गुजरात ने उडीसा को 20 तथा दिल्ली ने उप्र को 5, कर्नाटक ने छग को 12, मप्र ने पंजाब को 22, महाराष्ट्र ने बिहार को 16, केरल ने नवोदय को 26, राजस्थान ने केंद्रीय विद्यालय को 3, हरियाणा ने गुजरात को 31, कर्नाटक ने दिल्ली को 7, राजस्थान ने केरल को 32 अंकों के अंतर से पराजित करते हुये जीत हासिल की गई थी। इसी प्रकार बालिका वर्ग के प्री क़्वाटर फाइनल मैचों में तमिलनाडु ने झारखण्ड को 39 अंक से तो महाराष्ट्र ने राजस्थान को 1, बिहार ने गुजरात को 4, उ प्र ने पश्चिम बंगाल को 36, पंजाब ने तेलंगाना को 24, मप्र ने उडीसा को 15,असम ने केरल को 35, हरियाणा ने हिमांचल प्रदेश को 38, तमिलनाडु ने महाराष्ट्र को 34, उप्र ने बिहार को 17 एवं हरियाणा ने असम को 29 अंकों के अंतर पराजित करते हुये जीत हासिल की गई थी। सफेद दूधिया रोशनी में बालक वर्ग में खेले जा रहे सेमीफाइनल मैच में हरियाणा और गुजरात के मध्य खेले गये मैच में हरियाणा ने, कर्नाटक और नई दिल्ली के मध्य खेले गये मैच में कर्नाटक ने, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के मध्य खेले गये मैच में महाराष्ट्र ने, केरला और राजस्थान के मध्य खेले गये मैच में राजस्थान ने जीत हासिल की। इसी प्रकार बालिका वर्ग में तमिलनाडु और महाराष्ट्र के मध्य खेले गये मैच में तमिलनाडु ने, बिहार और उत्तरप्रदेश के मध्य खेले गये मैच में उत्तरप्रदेश ने, पंजाब व मध्यप्रदेश के बीच खेले गये मैच में पंजाब ने, असम और हरियाणा के मध्य खेले गये मैच में हरियाणा ने जीत हासिल की गई। मंगलवार को प्रतियोगिता में राव अनुज प्रताप सिंह, नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा,एसडीएम कलावती ब्यारे, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार सहित जनप्रतिनिधियो , अधिकारी- कर्मचारियों , खिलाडियो,कोच, रेफरी, महिलाओ , युवा, छात्र छात्राओं और दूर- दराज से नागरिकों एवं समाजसेवी मुकेश बसेडिया व नगर के विभिन्न संघो के नागरिकों ने आकर मैचों का आनंद लेते हुये देश के कौने कौने से आये हुये खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के चौथे दिवस भारतीय टीम के पूर्व कोच बलवान सिंह, मप्र कबड्डी फेडरेशन के सचिव जे सी शर्मा, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इण्डिया से फील्ड आफिसर अजय सिंह चंदेल, एसएस राजपूत सहित समस्त आफिसियल्स एवं आयोजन समिति के तहत समन्वय समिति,आवास, भोजन, परिवहन, स्वागत, कंट्रोल रूम, पंजीयन प्रमाण पत्र समिति के सदस्यों का सहयोग निरंतर मिल रहा हे। 20 नवंबर दिन बुधवार को सुबह 11:30 बजे से प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम रूद्र मैदान पर प्रदेश के खेल व युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पूर्व रास सांसद कैलाश सोनी की मौजूदगी में सम्मान पूर्वक होगा। वही दूसरी ओर प्रतियोगिता के दौराना जो सच्चाई देखने मिली वह निश्चित तौर से चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही थी। क्योंकि स्थानीय स्तर पर आयोजन समिति में नियुक्त किये गये कुछ शिक्षा विभाग के खेल शिक्षकों द्वारा जिस तरह अपने दायित्वों के निर्वाहन के दौरान पक्षपात रवैया अपनाते हुये केवल म.प्र टीम के खिलाड़ियों मंच पर बुलवाते हुये सम्मान दिया जा रहा था उसके चलते अन्य प्रांतों से आये हुये खिलाड़ियों की भावनाओं को ठेंस पहुंचने से नही चूक रही थी। जबकि नियम के अनुसार इस तरह के आयोजनों में शासकीय कर्मचारियों द्वारा सभी टीमों के साथ एक जैसा रवैया अपनाया जाता है। मगर यहां के कुछ खेल शिक्षकों की कार्य प्रणाली के चलते हमारे नगर की शाख को बट्टा लगाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है जो चर्चा का विषय बनते हुये इस तरह खेल विभाग से जुड़े हुये इन शिक्षकों की कार्य प्रणाली सबालों के घेरे में आने से नही बच पा रही है..? क्योंकि नगर के लिये बडे ही गौरव की बात है कि क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के प्रयासों के चलते नगर के लिये इस तरह राष्ट्रीय स्तर के खेल संपन्न कराने की सौगात प्राप्त हुई थी। इस आयोजन को लेकर जहां नगर के हर व्यक्ति के दिल में उत्साह का महौल दिखाई देने से नही चूक पा रहा था। वही दूसरी ओर नगर के लोगों का कहना था कि हम लोगों ने सपने में भी कभी नही सोचा था कि इस तरह राष्ट्रीय स्तर के खेल हम लोगों को नगर के खेल मैदान पर देखने मिल पायेगे। मगर इस सपने को शिक्षा मंत्री द्वारा साकार करते हुये जिस तरह नगर में इस राष्ट्रीय स्तर का आयोजन संपन्न कराया गया है उसके चलते नगर का नाम देश के कौने कौने तक पहुंचाने में सफलता मिली है। मगर इस सफलता पर कुछ खेल शिक्षक जो इस आयोजन समिति के कर्ताधर्ता के रूप में शासन द्वारा नियुक्त किये गये है उनकी कार्य प्रणाली जनता की नजरों में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाई है।

किसानों के सामने फिर छाने लगा खाद का संकट, एक बोरी के लिये दिन भरी लम्बी लाईनों में खड़े दिखाई दे रहे देश के अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि आज अधिकारियों से लेकर देश के नेता व आमजन जिस अन्न का भोजन किया जाता है उसको पैदा सिर्फ किसान ही कर सकता है। क्योंकि अन्न को किसी फेक्ट्री या फिर मशीन के द्वारा नही बनाया जा सकता है वह सिर्फ किसानों की मेहनत के चलते ही किसानों के खेतों में ही पैदा होता है। यदि किसान अपने खेतों में अन्न पैदा करते हुये उसका विक्रय न करे और सिर्फ अपने ही उपयोग के लिये रखने लगे तो निश्चित ही संपूर्ण देश में भूखमरी पैदा होने से नही चूक पायेगी? यह बात जरूर है कि किसानों द्वारा अपने खेतों में रात दिन एक करते हुये पैदा किये जाने वाले अन्य को विक्रय करने के बाद अपनी अन्य जरूरतों को पूरा करता है। इसलिये उसे बेचने की मजबूरी होती है। मगर अधिकारियों से लेकर बडे बडे नेता व उद्योग पति भले ही लखपति होने के कारण उसके पास रूपयों का अम्बार लगा हो, मगर उन रूपयों को वह कभी अपना पेट नही भर सकते है उन्हें अपना पेट भरने के लिये किसानों द्वारा खेतों में पैदा किया गया अन्न ही खरीदकर खाना पड़ेगा तभी उनका पेट भर सकता है। जबकि किसान यदि चाहे तो अन्य सुख सुविधाओं को त्यागते हुये अपने खेतों में पैदा किये जाने वाले अन्न के भरोसे जिंदा रह सकता है। मगर अधिकारी नेता व उद्योग पति बगैर किसान के मेहनत के बगैर अपनी जिन्दगी व्यतीत नही कर सकते है? यदि सही मायने में देखा जावे तो देश की रक्षा में जहां जवान की आवश्यकता होती है वह देश की जनता का पेट भरने के लिये किसान की मेहनत की जरूरत होती है और इसी लिये यह नारा दिया गया है कि जय जवान, जय किसान जब कि देश का जवान व देश का किसान खुशहाल रहेगा तो देशवासी कभी असुरिक्षत व भूखे नही रह सकते है? मगर जिस प्रकार से इस समय किसानों को जो स्थिति देखने मिल रही है उसकी ओर न तो अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही नेताओं द्वारा जिसका परिणाम है कि किसानों को अपनी फसल तैयार करने में उपयोग होने वाली जरूरी चीजों के लिये भटकने या फिर मनमानी करने वालों का शिकार होते हुये देखा जा रहा है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय किसान अच्छे दिनों के घन चक्कर में फसने के बाद खून के आसू बहाते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? यह बात अलग है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश में बैठी हुई सरकार द्वारा किसानों के लिये खेतों को लाभ का धंधा बनाने के लिये हर संभव मदद करने की बात कही जाती है। मगर सही मायने में देखा जावे तो यह बात सिर्फ मंचो से लेकर अखबारों की सुर्खिया बनने के आलवा और कुछ साबित होने से नही चूकती है? क्योंकि जब किसानों को अपने फसले तैयार करने के लिये जिस चीज की जरूरत पड़ती है वह बाजार में आसानी से उपलब्ध नही हो पाने के कारण मजबूर किसान को अपनी फसलों को बचाने के लिये वह सामग्री ओने पोने दामों में खरीदना पड़ता है और इस तरह किसान की मजबूरी का फायदा दुकानदार उठाने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि इस दिनों किसानों द्वारा अपने खेतों चना, गेंहू सहित अन्य प्रकार की फसलों की बोनी की जा रही है जिसके लिये सबसे जरूरी माने जाने वाले खाद को लेकर जहां मारा मारी का आलम देखने मिल रहा है तो दूसरी ओर बेयर हाऊसों में दिन दिन भर किसानों को खड़े रहने के बाद भी दो बोरी खाद नही मिल पाने के कारण खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्र के किसानों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि सरकार द्वारा कहा जाता है कि हम किसानों के लिये खेती को लाभ का धंधा बनाने में कोई कसर नही छोड़ेगे मगर देखा जाता है कि किसानों को जब खाद सहित अन्य प्रकार की जरूरी सामग्री की जरूरत होती है तो वह समय पर मिल ही नही पाती है और मिलती भी है तो दुकानदारों द्वारा उसे मनमाने दामों पर विक्रय करते हुये दुकानदार किसानों की मजबूरी का फायदा उठाने से नही चूकते है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि सरकार को यह बात अच्छे से पता रहती है कि किस सीजन में किसानों को खेती के लिये किस चीज की जरूरत होती है मगर इसके बाद भी समय पर पर्याप्त मात्रा खाद उपलब्ध न करा पाना निश्चित तौर से सरकार की बिफलता को उजागर करने के साथ साथ कालाबाजारी करने वालों को खुला संरक्षण देने की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूकती है।

विकास खंड स्तरीय प्रदर्शनी मॉडल प्रतियोगिता संपन्न, बच्चों ने किया अपने हुनर का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज/चीचली। सोमवार विकास खंड चीचली के जनपद सभा हाल में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशों के परिपालन में विकास खंड स्तरीय राज्य विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण प्रतियोगिता सह मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि विकासखंड स्तरीय इस प्रदर्शनी हेतु बीएसी अरुण दुबे को प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार को सहप्रभारी नियुक्त किया गया था। इस विकासखंड स्तरीय इस प्रदर्शनी में आठ जन शिक्षा केंद्रो केविभिन्न विषयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर चयनित विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान विषय के 21, गणित के 19, भूगोल के 14, राजनीति के 7, पर्यावरण के 6 मॉडल बनाए गए। इन मॉडल के निर्णायक दल अंतर्गत अजय नामदेव, प्रमोद साहू, ललित पाराशर, विनोद सोनी, बुलंद कुशवाहा, हीरालाल अहिरवार छः सदस्यीय निर्णायक मंडल ने विभिन्न आयामो यथा एकाग्रता, विषय प्रकरण, समयबद्धता, स्पष्टता, सरलीकरण, कम समय में अधिक जानकारी प्रदाय करना, एक से अधिक अवधारणाओं को समझाने में सहायक तथा मॉडल की बनावट अंतर्गत अपना निर्णय दिया। इसी प्रकार सोलो सांग के अंतर्गत 14, सेमिनार के अंतर्गत 13 विद्यार्थियों के समूह ने अपनी प्रस्तुति दी। सोलो सांग एवम सेमिनार के अंतर्गत शिक्षिका ज्योति पगारे, आराधना चौहान, सुनीता सोनी, नीलम बम्होरिया, सुमित्रा विश्वकर्मा, अर्शिका ताम्रकार ने निर्णायक के रूप में अपनी सक्रिय सहभागिता दी।

कार्यालय नगर परिषद सांईखेड़ा जिला नरसिंहपुर
(E-MAIL ADDRES- CMOSAIKHEDA@MPURBAN.GOV.IN, PHONE- 07791250320)

क्रमांक/2498 न.पा. सांई./2024 — सांईखेड़ा, दिनांक-19/11/2024

नगर परिषद सांईखेड़ा क्षेत्र को OFD++ एवं WATER+ किये जाने को घोषणा एवं सुरक्षा, दावा आपति आमंत्रण सर्वसाधारण को सूचित किया जा चूका है। स्वच्छ सर्वेक्षण मिशन (शहरी) अंतर्गत नगर परिषद सांईखेड़ा - को खुले में शौच मुक्त किया जा चूका है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नगर परिषद सांईखेड़ा को केन्द्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा ODF++ का दर्जा प्राप्त हुआ है। इसी अनुक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत नगर परिषद सांईखेड़ा द्वारा केन्द्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा OFD++ एवं WATER+ गाईड लाईन एवं निर्धारण प्रोटोकॉल के अनुसार मापदंड पूर्ण कर लिए गए हैं। जिनमें नगर परिषद सांइखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय की आवश्यकता का आकलन का निर्माण लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है वह सभी व्यक्तिगत शौचालयों में पानी व प्रकाश की उपलब्धता है। सामुदायिक/ सार्वजनिक शौचालय में संरचनात्मक ऑडिट किया जाकर आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय केंद्र सरकार के द्वारा निर्धारित गाइड लाईन के आधार पर 500 मीटर के दायरे में सार्वजनिक शौचालय शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। नगर सांईखेड़ा नगर परिषद अंतर्गत 2 जोन व 15 वार्ड में समस्त सामुदायिक/ सार्वजनिक शौचालय में गूगल टॉयलेट लोकेटर पर चिन्हित कर दर्ज किए गए हैं। जिसमें गतिशील जनसंख्या आगंतुकों पर्यटकों को स्वच्छ शौचालय की सुविधा प्राप्त हो सके। बिजली पानी की व्यवस्था एवं मलजल निकासी, सेप्टिक टैंक को नियम अनुसार नियमित अंतराल में डिस्पोजल हेतु खाली करने की व्यवस्था का प्रभावी रूप से संचालन किया जा रहा है। नगर परिषद सांईखेड़ा अंतर्गत सीमा में पब्लिक यूरिनल एवं समग्र स्वच्छता के मापदंड पूरे किए जा रहा किया जा रहा है। सार्वजनिक शौचालय को नागरिकों के उपयोग हेतु प्रातः 6:00 बजे से 10:00 बजे तक अथवा सामुदायिक शौचालय को 24 घंटे खोले जाने की व्यवस्था की गई है। उपरोक्त क्रम में नगर परिषद सांईखेड़ा सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित दिनांक से 7 दिवस के अंदर आपत्ति सुझाव दवा के साथ नगर परिषद सांईखेड़ा अंतर्गत स्थित कार्यालय में लिखित रूप से अथवा ईमेल आईडी cmosaikheda@mpurban.gov.in में प्रेषित करने का कष्ट करें। आपके द्वारा प्रेषित आपत्तियों एवं सुझाव पर कार्यवाही उपरांत अंतिम संकल्प के द्वारा नगर परिषद सांईखेड़ा सीमा क्षेत्र को ODF++ एवं WATER+ घोषित करते हुए भारत सरकार की आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रालय मध्यप्रदेश को अवगत कराया जावेगा।
सर्व साधारण को सूचनार्थ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी - नगर परिषद सांईखेड़ा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर
गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन न. 07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 0022 अ-20 (4)
वर्ष :- 2024-25 के तहत जारी
ईश्तहार

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सेठ भैया आ. हरबगस कौरव, निवासी राजेन्द्र बाबू वार्ड, गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर के द्वारा अपर कलेक्टर महोदय नरसिंहपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि उनके पुत्र सुरेन्द्र सिंह आ. सेठ भैया कौरव के नाम से नजूल नगर गाडरवारा स्थित दिनांक 31.03.2027 तक 'नवकृत स्थाई पट्टे की नजूल भूमि सीट क्रमांक 12 प्लाट क्रमांक 16/2 क्षेत्रफल 700 वर्गफुट, नजूल अभिलेखों में दर्ज है, जिसका उपयोग व्यावसायिक प्रयोजन से किया जा रहा है, नियमानुसार प्रयोजन परिवर्तन किया जावे। नजूल खसरा प्रति के अनुसार उक्त भूमि का प्रयोजन निवासार्थ दर्ज है। उक्त आवेदन पत्र नियमानुसार जॉच प्रतिवेदनार्थ मूलतः इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, जिसके तहत प्रकरण संस्थित कर मेरे द्वारा विचारण में लिया गया है। अपने आवेदन पत्र के साथ 100 रुपए का आवेदन शुल्क का चालन, नजूल खसरा एवं नक्शा की प्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत की गई है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 29.11.2024 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक- 12.11.2024
सुनवाई दिनांक- 29.11.2024

सील — नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर
गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन न. 07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 0021 अ-20 (4)
वर्ष :- 2024-25 के तहत जारी
ईश्तहार

[illegible]

जारी दिनांक- 12.11.2024
सुनवाई दिनांक- 29.11.2024

सील — नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर
गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन न. 07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 0024 अ-20 (4)
वर्ष :- 2024-25 के तहत जारी
ईश्तहार

[illegible]

जारी दिनांक- 12.11.2024
सुनवाई दिनांक- 29.11.2024

सील — नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)
अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर
गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन न. 07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 0023 अ-20 (4)
वर्ष :- 2024-25 के तहत जारी
ईश्तहार

[illegible]

जारी दिनांक- 12.11.2024
सुनवाई दिनांक- 29.11.2024

सील — नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा

डी.एस. इंटरप्राईजेज
कृषि उपकरण एवं मोटर सभी बेचे जाते है।
पाईप नोजल सेट तुरंत सब्सिडी काट कर दिये जा रहे हैं।
15 साल की गारण्टी के साथ
तुरंत आएं तुरत ले जायें
गुर्जर काम्पलेक्स गाडरवारा मो 7987493180, 8816151552

अटूट विश्वास का भरोसा 100% हॉलमार्क ज्वेलरी शोरूम
अम्बाजी ज्वेलर्स
शुद्ध सोने चांदी के हॉलमार्क आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
नवीनतम आधुनिक डिजाइन्स के साथ में
झंडा चौक गाडरवारा
प्रो. बसंत कुमार दीपक कुमार सोनी मो. 9826662790, 9826758890

सत्कार बजाज का धमाका ऑफर
अब pulsar मात्र ₹10000/- दस हजार रुपये
अब प्लैटिना मात्र ₹5000/- पांच हजार रुपये
में घर ले जाएं
सत्कार बजाज

खबर संक्षेप

यातायात के नियमों का पालन न करने वालो के विरूद्ध की गई चालानी कार्यवाही

डिंडौरी। यातायात के नियमों का पालन न करने वालो पर लगाम लगाने के लिये आज यातायात पुलिस डिण्डौरी एवं जिला परिवहन अधिकारी डिण्डौरी की संयुक्त टीम ने शाहपुर में डिपो के पास वाहन चैकिंग लगाकर यातायात के नियमों का पालन न करने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई। चालानी कार्यवाही के दौरान 24 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुये 15,600- रूपये वसूल किये गए। संयुक्त चैकिंग का उद्देश्य लोगो को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जाना था। चैकिंग के दौरान आने-जाने वाले लोगो को रोककर उन्हें हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग करने, ओवर स्पीड वाहन न चलानें, यातायात के नियमों का पालन करते हुये स्वयं व दूसरों को सुरक्षित रखने की समझाईश दी गई। कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी सुभाष उइके एवं जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र गौतम अपनी-अपनी टीम के साथ चैकिंग में उपस्थित रहे।

किशोर नामदेव जिलाध्यक्ष एवं आकाश नामदेव जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

अमरपुर। विगत दिवस नामदेव समाज की वृहद बैठक का आयोजन डेम घाट स्थित संत नामदेव मंदिर में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में सर्व सम्मती से किशोर नामदेव को नामदेव समाज का जिलाध्यक्ष एवं अमरपुर के समाजसेवी आकाश नामदेव को जिला उपाध्यक्ष वहीं मोनू नामदेव को सचिव बनाया गया। आयोजित बैठक में समाज को मुख्य धारा में लाने हेतु विभिन्न प्रकार के निर्णय लिए गए। नामदेव समाज को पूरे डिंडौरी जिले में विस्तार करने का भी निर्णय लिया गया। जिसमें सुकल नामदेव को विस्तार प्रमुख नियुक्त किया। आगामी समय में नामदेव समाज का पूरे जिले में विस्तार किया जायेगा। समाज के जिला उपाध्यक्ष आकाश नामदेव ने बताया कि आज हमारा दर्जी समाज जो ओबीसी के अंतर्गत आता हैं और कहीं ना कहीं जितना आगे बढ़ना था हमारा नामदेव समाज आज भी पिछड़ा हैं। नामदेव समाज के विस्तार के लिए अब समय नजदीक आ गया हैं हमारा समाज भी मुख्य धारा में कैसे आये समाज कैसे आगे बढ़े इसके लिए समाज के द्वारा हर सम्भव प्रयास किये जायेंगें। आयोजित बैठक के दौरान युवा विभाग भी गठित किया गया। जिसमें अमन नामदेव को युवा विभाग का प्रमुख बनाया गया। नामदेव समाज की हर माह चैथे रविवार को बैठक आयोजित की जावेगी। जिसमें समाज के प्रति व्यक्ति को बैठक में आना अनिवार्य होगा, ऐसा निर्णय बैठक में लिया गया हैं। आगामी समय में जहाँ जहाँ नामदेव समाज के लोग निवासरत हैं उन नगर या गावों में भी नामदेव समाज की छोटी छोटी बैठके आयोजित कर पूरे डिंडौरी जिले में समाज का विस्तार किया जायेगा।

2 दिसम्बर से 20 जनवरी 2025 तक किया जाएगा धान उपार्जन

डिंडौरी। म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा की जारी उपार्जन नीति के अनुसार धान का समर्थन मूल्य 2300९- रूपये प्रतिक्विंटल निर्धारित किया गया है तथा किसानों की। गुणवत्ता उपज अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जायेगी। जारी नीति के अनुसार धान उपार्जन 02 दिसम्बर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक किया जाना है। जिले में 20 धान उपार्जन केंद्र बनाये गए है। जो क्रमशः 1. शहपुरा (एक) 2. शहपुरा (दो), 3. अमरपुर, 4. चांदपुर 5. डिंडोरी (एक) 6. डिंडोरी (मुडकी-दो) 7. शाहपुर, 8. विप. गोरखपुर, 9. करंजिया 10. सुनपुरी 11. समनापुर (एक) 12. समनापुर (चैदरानी दो) 13. सक्का, 14. वरगाव, 15. मानिकपुर (शहपुरा) 16. मेहदवानी, 17. परसेल 18. सरहरी 19. मडियारास, 20. पिपरिया की बनाये गए है।खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जारी उपार्जन नीति के अनुसार विगत 02 खरीफ विपणन वर्ष (2022-23 एवं 2023-24) तथा 02 विपणन वर्ष (2023-24 एवं 2024-25) की ईउपार्जन पोर्टल पर प्रदर्शित रिपोर्ट के अनुसार के 0.50 प्रतिशत से अधिक अंतर वाली समितियों में लैम्प्स गाडासरई अंतर 3.82 प्रतिशत लैम्प्स आमाडोंगरी अंतर 1.77 प्रतिशत लैम्प्स बजाग अंतर 1.61 प्रतिशत, लैम्प्स बम्हनी अंतर 1.54 प्रतिशत, लैम्प्स कठोलिया 1.31 प्रतिशत. लैम्प्स कुकर्रामठ अंतर 1.27 प्रतिशत।

दलदल कपोटी में हाथियों के झुंड ने घर किए क्षतिग्रस्त, खेत में लगी फसल तहस-नहस

वन विभाग का अमला ग्रामीणों को सतर्क करने में जुटा

डिंडौरी न्यूज़।

जिले के पश्चिम करंजिया वन परिक्षेत्र के कई गांव में फसलों और घरों को नुकसान पहुंचाने के बाद हाथियों का दल तेजी से वन परिक्षेत्र पूर्व करंजिया की ओर बढ़ रहे हैं। हाथियों का उत्पात मंगलवार को भी कम होता नजर नहीं आ रहा है। मध्यप्रदेश के डिंडौरी में हाथियों का उत्पात चरम पर है। सोमवार की शाम भी हाथियों का दल छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर गया था, लेकिन दो घंटे के बाद ही वह तेजी से एक बार फिर वापस लौट आया। हाथियों की दहशत इतनी कि ग्रामीण शाम होते ही घरों में दुबक जाते हैं। हाथियों का दल चकमी, बोयरा और दलदल कपोटी गांव में घुसा।

घर में रखे राशन को भी हाथियों ने खाया

सोमवार की रात हाथियों ने बोयरा सहित दलदल कपोटी और चकमी गांव में फसलों को प्रभावित करने के साथ मकान को भी क्षतिग्रस्त किया है। ग्राम बोयरा में खेत,खनिहाल की फसल को नुकसान पहुंचाने के साथ घर में रखे राशन को भी हाथियों ने खाया।गोकुल दास के मकान को भी तोड़ दिया घर में उत्पात मचाने के बाद हाथियों का दल दलदल गांव में गोकुल दास के मकान को भी तोड़ दिया। चार हाथियों का दल गुरुवार की सुबह से ही छत्तीसगढ़ से डिंडौरी जिले की सीमा में प्रवेश किया था। तभी से लगातार अलग-अलग गांव में धान की फसलों के साथ भवनों को भी हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है।

हाथियों से बचने के लिए की जा रही कवायद

वन विभाग का अमला ग्रामीणों को सतर्क करने में जुटा हुआ है। राहत की बात यह है कि अब तक कोई भी जनहानि नहीं हो सकी है। प्रधानमंत्री योजना के तहत बने पक्के आवासों में रहने के लिए कहा है।

पद चिन्ह के आधार पर हाथियों की तलाश में वन विभाग जुटा

हाथियों के दल की दिशा पश्चिम करंजिया वन की जगह पूर्व वन परिक्षेत्र करंजिया की ओर हो गई है। पद चिन्ह के आधार पर हाथियों की तलाश में वन विभाग काअमला जुटा हुआ है।

प्रभावित किसानों और ग्रामीणों को मुआवजा देने की पहल

बताया गया कि प्रभावित किसानों और ग्रामीणों को मुआवजा देने की पहल की गई है। गौरतलब है कि कलेक्टर ने एक दिन पहले सोमवार को ही प्रभावित क्षेत्र का अधिकारियों के साथ दौरा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए थे।

इनका कहना हैं,,,

हाथी तेजी से छत्तीसगढ़ की सीमा की ओर बढ़ रहे हैं। यद्यपि वे अभी भी जिले की सीमा में ही है। हाथियों ने अब तक छह मकान को अधिक क्षतिग्रस्त करने के साथ लगभग दो दर्जन किसानों की फसलों को बुरी तरह तबाह किया है।

प्राची मिश्रा, रेंजर

जनसुनवाई के आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें: कलेक्टर

जनसुनवाई में प्राप्त 27 आवेदनों की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 27 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई है। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त जनपद पंचायत के सीईओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। कलेक्टर हर्ष सिंह ने जनसुनवाई के आवेदनों को प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किये हैं। जनसुनवाई में ग्राम बांकी से जनसुनवाई में पहुंचे आवेदक राजकुमार ने आवेदन प्रस्तुत कर उनके 16 वर्षीय पुत्र कान्हा उर्फ कृष्ण कुमार की बिद्युत करंट से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता की मांग की। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त प्रकरण पर पीड़ति को रेडक्रॉस सोसायटी से सहायता राशि प्रदान करने के लिए सीएमएचओ को निर्देश दिए। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत बरखेड़ा ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और मेट के द्वारा फर्जी मस्टर रोल तैयार निर्माण कार्य कराये बिना ही राशि गवन कर लिया गया है। कलेक्टर श्री हर्ष सीईओ जनपद पंचायत शहपुरा को उक्त प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री कृष्णकुमार परस्ते ने राजस्व रिकार्ड में अपना नाम जुड़वाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम भुरका निवासी श्री हरिश्चंद्र ने ग्राम पंचायत में सचिव पद की पूर्ति हेतु आवेदन किया है। कलेक्टर हर्ष सिंह ने जनसुनवाई मे प्राप्त सभी आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि सभी जनसुनवाई के सभी आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर आवेदकों को अवगत करायें। जनसुनवाई में आज राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

169 लीटर शराब सहित तूफान वाहन जप्त, तस्करी के 4 आरोपी गिरफ्तार

डिंडौरी न्यूज।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह द्वारा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है, जिले में लगातार अवैध गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई की जा रही है, दिनांक 18.11.24 को देर रात मुखबिर की सूचना पर जबलपुर रोड से शहपुरा तरफ आ रही सफेद रंग की बिना नंबर की तूफान वाहन जो जबलपुर से अमरपुर पिंडरुखी की तरफ जा रही थी, को रोक कर तलाशी लेने पर करीब 19 पेटी अंग्रेजी शराब करीब 169 लीटर जप्त की गई जिसकी कुल कीमत 128000- तथा तूफान वाहन कीमती 1300000- रुपए जप्त किया गया है,तस्करी करने वाले चार आरोपी चंद्र प्रकाश पिता दलसिंह मरावी उम्र 24 साल निवासी झिलमिला थाना कोतवाली , अनुराग पिता सुंदर सिंह धुर्वे उम्र 26 साल निवासी नांदा चैकी अमरपुर,अशोक पिता रमेश मरकाम उम्र 20 साल निवासी नादा चैकी अमरपुर, पटवारी पिता फुलशाह टेकाम उम्र 30 साल निवासी नादा चैकी अमरपुर जो उपरोक्त वाहन में अवैध शराब लेकर जा रहे थे, उनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 835ध्2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया जो विधिवत कार्रवाई कर आरोपीगण को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

- इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाहपुरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहपुरा निरीक्षक शिवलाल मरकाम, उप निरीक्षक मनीराम मरावी, सहायक उप निरीक्षक मुकेश बैरागी,प्रधान आरक्षक प्रवीण अवस्थी, सूर्यभान, आदित्य शुक्ला,अमित पांडे, आरक्षक विनोद दांगी दीपक वर्मा, मांगेलाल, अभिषेक पांडे, दीपक चैरे, महिला आरक्षक अंशिता, महिमा, कुसुम, ममता की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जिले की बालिकाएं बनी राष्ट्रीय खिलाड़ी

68वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन की राष्ट्रीय स्पर्धा महासमुंद छत्तीसगढ़ में लेंगी भाग

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में शालेय खेल कैलेंडर 24-25 के अनुसार जिले में शालेय खेलकूद की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। 68 वीं शालेय राष्ट्रीय हैण्डवाल स्पर्धा महासमुंद छत्तीसगढ़ में 25 से 29 नवंबर 2024 तक आयोजित की जा रही है। जिसमें जिले की खिलाड़ी छात्रा रुकमणी परस्ते पिता शिव कुमार, रंजना उरैती पिता गुरु दयाल, महेश्वरी धूमकेतु पिता बुद्ध सिंह सीएम राइज विद्यालय शहपुरा की छात्राएं मध्यप्रदेश के दल से प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लेंगी। जला क्रीड़ा अधिकारी जनजाति कार्य विभाग श्री पी.एस. राजपूत ने बताया कि खिलाड़ी छात्राओं ने विद्यालय, विकासखंड, जिला संभाग, विभागीय राज्य एवं शालेय राज्य स्तर तक कुल सात स्तरों की प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। जिसमें उनके खेल कौशल और दक्षता को देखते हुए विधा विशेषज्ञों ने चयनित किया है। 18 से 22 नवंबर 2024 तक दमोह में विशेष कोचिंग प्राप्त करने के बाद 23 नवंबर को मध्यप्रदेश का दल राष्ट्रीय स्पर्धा छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होगा। हैंडबॉल कोच श्रीमती रमा साहू के कुशल प्रशिक्षण, कठिन मेहनत एवं मार्गदर्शन से विद्यालय, जिला एवं विभाग को गौरवान्वित करते हुए मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी की उपलब्धि प्राप्त होने पर डॉ. संतोष शुक्ला सहायक आयुक्त जनजाति कार्य, प्राचार्य यशवंत साहू, श्री पी.एस राजपूत जिला क्रीड़ा अधिकारी जनजाति कार्य, प्रशिक्षक श्री अनिल लोधी, श्री परवेज खान सहित विद्यालय स्टाफ एवं खेल प्रेमियो ने हर्ष व्यक्त करते हुई छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। उक्त बैठक में सीइओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम शहपुरा एश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्ष सिंह ने शीत ऋतु के मद्देनजर समस्त सीईओ जनपद, सीएमओ नगर परिषद और अन्य संबंधित अधिकारियों को शीत ऋतु से आवश्यक तैयारियां करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि रैन बसेरा, अलाव, आवश्यकता अनुसार गर्म कपड़े, नेकी की दीवार जैसी पहल करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निराकरण में हो रहे विलम्ब जानकारी लेते हुए लंबित शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए निदेर्शित किया। उन्होंने नॉन अटेंडेंट, 50 दिवस, 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की समीक्षा की। नॉन अटेंडेंट प्रकरणों पर कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जिम्मेवार अधिकारियों को नोटिस जारी करने और वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने लंबित प्रकरणों के संबंध में सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डिंडौरी को सात दिवस अवैतनिक करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों को चिन्हित करें, जिन्होंने लगातार तीन महीनें लक्ष्यों को पूरा नहीं किया है।

कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान 3.0 के संबंध में राजस्व मामलों की समीक्षा की। राजस्व महाअभियान 3.0 का प्रारंभ 15 नवम्बर 2024 से किया गया है, जिसके तहत लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नक्शा तरमीम, पीएम किसान, आधार लिंकिंग, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्तीकरण, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग की समीक्षा की। नवीन दर्ज प्रकरण और लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही करने वाले पटवारियों पर जिम्मेवार अधिकारी आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में पीएम जनमन के तहत संबंधित विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्वनिधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नलजल, आदि की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन आवास के तहत गत सप्ताह की प्रगति व द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि व नवीन स्वीकृतियों के संबंध में जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि पिछले सप्ताह 56 जनमन आवास पूर्ण हुए हैं। जनमन आवास के तहत विकासखण्डवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने सभी सीईओ जनपदों को कार्ययोजना बनाकर आवास कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बजाग क्षेत्र में कार्य प्रगति धीमी होने के कारण संबंधित उपयंत्री, सचिव, रोजगार सहायकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिसमें नोटिस देने, वेतन रोकने, निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने समस्त सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा कि मार्च 2024 में स्वीकृति हुए सभी जनमन आवासों की कार्य प्रगति उपलब्ध कराते हुए शेष कार्यों के पूर्ण होने की जानकारी प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की, जिसमें बताया गया कि 70 वर्ष से अधिक वर्ग में 2103 आयुष्मान कार्ड बनाये गए हैं और पीएम जनमन के शेष आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएमएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित सीएचओ पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

स्व-रोजगार एवं रोजगार के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के लक्ष्यों को प्राप्त न करने वाले संबंधित प्रभारियों की तीन दिवस की वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य मिलेट मिशन, बीज वितरण, किसान पंजीयन, उर्वरक की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों और संबंधित योजनाओं की जानकारी समस्त कार्यालयों में चस्पा कर उपलब्ध करायें। कलेक्टर हर्ष सिंह ने पशुपालन और मत्स्य विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की और लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही के निर्देश भी दिए। 20 नवम्बर दिन बुधवार को ग्राम चाड़ा में आयोजित होने वाले शिविर की तैयारियों की जानकारी लेते हुए सभी संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

कलशयात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ

तेंदूखेड़ा। नगर के टाल मुहल्ला स्थित छोटी हरसिद्धि मंदिर के समीप मुहल्ला वासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा के साथ किया गया। दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक 26 नबम्वर तक चलने वाली इस कथा को बाल व्यास पं आकाश वैष्णव के मुखारविंद से भगवान की लीलाओं का गुणानुवाद किया जायेगा।समस्त आयोजकों ने नगर के सभी श्रद्धालु श्रोताओं से उपस्थिति की अपील की है।

केनरा बैंक ने संस्थापक का जन्म जयंती दिवस मनाया

तेंदूखेड़ा। नगर में व्यवसायिक क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहे केनरा बैंक के द्वारा संस्थापक श्री सुब्बाराव पई का जन्म जयंती दिवस मनाया गया इनके द्वारा वर्ष 1906 में केनरा बैंक की स्थापना की गई थी जो आज संपूर्ण देश में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। शाखा में आयोजित कार्यक्रम मे क्षेत्र के उन्नत कृषक एवं जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र पटेल नीरज राय शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार श्री राम पटेल रोहित गुप्ता पंकज कोष्टी सहित बैंक के ग्राहक उपस्थित थे।

स्व. मुशरान जयंती पर पुष्पांजलि आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। म.प्र.शासन के पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की जयंती के अवसर पर बुधवार 20 नवम्बर को एम.आई.एम.टी. कालेज द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 10:30 बजे मुक्तिधाम में पुष्पांजलि एवं एन.सी.सी. दल द्वारा सलामी तथा महाविद्यालय में भावांजलि दी जायेगी।

शिक्षिका श्रीमती प्रभादेवी शर्मा का निधन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस सेवानिवृत शिक्षक साकेत नगर निवासी कमलकांत शर्मा मडेसुर वालों की धर्म पत्नी श्रीमति प्रभा देवी शर्मा उम्र 80 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। आप इंजीनियर प्रशांत कुमार शर्मा, श्रीमति निशा शर्मा शिक्षिका की मां थी। अंतिम संस्कार आज पैतृक गृह ग्राम मड़ेसुर में किया जाएगा।

विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल हुये मंत्री श्री पटेल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जिले की ग्राम पंचायत उमरिया, तिंदनी एवं नयाखेड़ा में आयोजित विभिन्न लोकार्पण एवं भूमिपूजन के कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इसके पश्चात मां नर्मदा मे सफाई अभियान मे शामिल हुये।

कठोर परिश्रम के बिना जीवन में सफलता नहीं मिलती: पटेल

जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत उमरिया में आयोजित आवास पखवाड़ा कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने यहां 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र और 3 लाख 30 हजार रुपये लागत की सीसी रोड का भूमिपूजन किया। इसके अलावा मंत्री श्री पटेल ने नाली निर्माण कार्य का उदघाटन किया।

उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया भूमिपूजन

मंत्री श्री पटेल ने यहां आयोजित कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से कहा कि उप स्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन किया जा रहा है। शीघ्र ही यह निर्मित होकर संचालित होने लगेगा। इसके लिए आप सभी को बधाई। निर्माण पश्चात इस स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन की जिम्मेदारी आपकी है। यहां बच्चों एवं महिलाओं की विभिन्न जांचे, टीकाकरण, निशुल्क दवाईयों की उपलब्धता होगी, जिससे आपको अन्यत्र इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा। भवन की सार्थकता तभी होती है, जब उसका ठीक से सदुपयोग किया जाये। आज यहां सीसी रोड का भी भूमिपूजन हुआ है। इसके बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी।

समाज को होना होगा एकजुट

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आवास पखवाड़ा एवं स्वच्छता संवाद के कार्यक्रम आज आयोजित हुए हैं। इसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना है। हमारी यह जिम्मेदारी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए कचरा प्रबंधन भलीभांति हो। जल संरक्षण, वॉटर हार्वेस्टिंग, पौधरोपण एवं कचरे के प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को खुले में शौच से मुक्ति मिली है। गांव में केवल शौचालयों का बन जाना ही का फी नहीं होता है, हमें यह भी देखना जरूरी होता है कि इसका गंदा पानी कहां मिल रहा है। गंदे पानी के प्रबंधन के लिए समाज को एकजुट होना होगा।

रोड का किया लोकार्पण

ग्राम पंचायत नयाखेड़ा में मंत्री श्री पटेल ने 21 लाख रुपये की लागत से बनाये गये नयाखेड़ा से टपरिया टोला पहुंच मार्ग का भी लोकार्पण किया। इसके अलावा तिंदनी में शेढ़ नदी पर निर्मित नरसिंहपुर- सिमरिया- तिंदनी मार्ग उच्च स्तरीय पुल का भी लोकार्पण किया। इसकी लम्बाई 150 मीटर है। साथ ही नयाखेड़ा- इमलिया- गरगटा- गरारू मार्ग पर उच्चस्तरीय पुल का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पुल बन जाने से लोगों को अब काफी राहत मिलेगी। नरसिंहपुर जिला मुख्यालय का फासला कम हुआ है। अब बगैर किसी परेशानी के लोग आसानी से आवागमन कर सकते हैं। नयाखेड़ा में प्रवेश करने पर यहां सड़क के दोनों ओर नरसिंहपुर जिले के पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक, सरपंच से लेकर अब वर्तमान तक मंत्री, सांसद, विधायक एवं सरपंचों के नाम एवं फोटो बहुत ही आकर्षक तरीके से लगाई गई थी। पंचायत को बड़े ही आकर्षक तरीके से वॉलपेटिंग एवं प्रेरक नारे लेखन से सजाया गया था। मंत्री श्री पटेल एवं अतिथियों द्वारा इसकी सराहना की गई। मंत्री श्री पटेल ने जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि नयाखेड़ा जैसी पंचायत को भारत सरकार द्वारा अवार्ड दिलाये जाने के लिए जो आवश्यक प्रारूप एवं जानकारी होती है, वह स्थानीय जनप्रतिनिधियों को प्रदान करें।

स्वच्छता को अपनी आदत बनायें- मंत्री श्री पटेल

विश्व शौचालय दिवस पर जिले की ग्राम पंचायत बरमान कला में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। यहां स्वच्छता संवाद एवं स्वच्छता मित्र स्वच्छता कर्मियों का

संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि माँ नर्मदा हमारे जिले की जीवन रेखा है। हम सब उसे माँ का दर्जा देते हैं। हमारा भी फर्ज है कि हम उनका पुत्रध पुत्री बनकर उनके साथ अच्छा बर्ताव करें। श्रद्धालु नर्मदा नदी में दूषित सामग्री या पूजन सामग्री को प्रवाहित न करें,ना ही नर्मदा नदी के तटों में कूड़ा करकट और अनुपयोगी सामग्री डालें। नर्मदा नदी के तटों को हमेशा साफ व स्वच्छ रखें। मंत्री श्री सिंह ने कहा की बरमान घाट स्वच्छता समिति यह सुनिश्चित करें कि यहाँ गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। जुर्माने की कुछ राशि यहाँ सफाई कार्य में लगे स्वच्छता वॉलंटियर्स को दी जाये। 15 दिन के भीतर यह व्यवस्था बनाई जाए। उक्त अवसर पर स्वच्छता मित्र और स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया।

किसानों के साथ गन्ना संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। किसानों को सुविधाएं मिलें उन्हें हम वाजिब दाम दे सकें और समय पर गन्ना फसल का भुगतान कर सकें यह हमारा हमेशा से प्रयास रहा है। इतना जरूर है कि कभी जब हम किसानों की अपेक्षा पर पूर्णत खरे नही उतर पाते फिर भी हमेशा शुगर मिल प्रबंधन ने ईमानदारी और नेक इरादे से कार्य किया है। उक्त बात महाकौशल शुगर एंड पॉवर इंडस्ट्रीज लि. बचई में आयोजित गन्ना संगोष्ठी में मिल के एमडी नवाब रजा ने किसानों को संबोधित करते हुए कही। श्री रजा ने बताया कि आज नए सत्र के लिए विधिवत पूजा-पाठ की गई है और 21 नवंबर से गन्ना खरीदी प्रारंभ हो जायेगी। इस सत्र में गन्ना खरीदी और भुगतान के संबंध में भी श्री रजा ने विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बताया कि जरूरत है कि किसान भाई डेयरी उद्योग के लिए आगे आएं। हर किसान कम से कम दो गाय अवश्य पाले। साथ ही डेयरी को रोजगार का साधन बनाया जाये इसके लिए हमने भी सहयोग देने के लिए योजना बनाई है। किसानों को जैविक पशु आहार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही उन्हें विशेषज्ञो द्वारा प्रशिक्षित किया जायेगा। इसके लिए कार्ययोजना पर हमने कार्य प्रारंभ कर दिया है। किसानों से विशेषज्ञ संवाद कर रहे हैं। आपने कहा कि यदि खेती को सही ढंग से किया जाये तो सपन्नता किसानों में बन जायेगी। कार्यक्रम में श्री रजा ने खेती किसानी में बढ़ते रासायनिक खाद्यो के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान श्री रजा ने अनेक किसानों के प्रश्नों का उत्तर दिया। कार्यक्रम में अनेक किसानों ने अपनी शंकाओ और जिज्ञासाओं को लेकर सवाल किए। गोष्ठी में सभी किसानों से संवाद बनाते हुए श्री रजा और गन्ना विशेषज्ञों ने किसानों के प्रश्नों के उत्तर दिए। गन्ना संगोष्ठी में कई विशेषज्ञों के अलावा डेयरी उद्योग के संबंध में महाराष्ट्र से आए डॉ. पाटिल, डॉ. राजेन्द्र दुबे, महाप्रबंधक गन्ना ओपी त्रिपाठी, किसानों में राजा भैया, ओमप्रकाश पटैल, डॉ. धर्मेन्द्र, एके श्रीवास्तव आदि ने किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन नवाब शाबिर एवं आभार प्रदर्शन सेफ रजा व शाहिल रजा ने किया।

स्वर्णकार समाज के सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। संत सूरदास देव श्री रामानंद की भूमि पर सामुदायिक भवन का लोकार्पण सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल के आतिथ्य तथा सुरेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भवन का लोकार्पण किया गया। श्री देव रामानंद न्यास के कोषाध्यक्ष मुरारी लाल सोनी न्यास के बारे जानकारी देते हुए की गई पहल के लिए अतिथियों के उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि समाज को हर संभव आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होकर प्रयास करें तभी सफलता संभव है। मंचासीन अतिथियो का देव रामानंद न्यास एवं स्वर्णकार समाज द्वारा शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष रामचरण सोनी तथा सहयोग डॉ गनेश कुमार सोनी व आभार प्रदर्शन मुरारी लाल सोनी ने किया।

सिद्धनाथ ट्रेडर्स द्वारा लकी ड्रॉ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गल्ला मंडी रोड़ में स्वराज ट्रैक्टर्स के अधिकृत विक्रेता सिद्धनाथ ट्रेडर्स के द्वारा अक्टूबर माह में विक्रय किये गए ट्रैक्टर्स हेतु लकी ड्रॉ संपन्न कराया गया। सिद्धनाथ ट्रेडर्स के संचालक अनिमेष नेमा के द्वारा बताया गया कि हमारे ट्रैक्टर्स शोरूम में लकी ड्रॉ संपन्न कराया गया ट्रैक्टर खरीदने वाले 6 क्रेताओं को मिक्सर ग्राइंडर, 5 क्रेताओं को इंडक्शन,4 क्रेताओं को कृषि स्प्रे पंप,4 क्रेताओं को ट्रॉली सूटकेस एवं 1 टी.व्ही. 1 वॉशिंग मशीन एवं 1 फ्रिज उपहार स्वरूप लकी ड्रा संपन्न होने पर प्रदान किए गए स्वराज ट्रैक्टर्स के अधिकृत विक्रेता सिद्धनाथ ट्रेडर्स के संचालक अनिमेष नेमा द्वारा सभी किसान भाइयों को आभार प्रकट किया गया।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु टीम का चयन, बेंगलुरु में देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। भारत विकास परिषद सेंट्रल रीजन द्वारा आयोजित क्षेत्रीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता स्थानीय पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम नरसिंहपुर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में सभी छह प्रान्तों महाकौशल प्रांत, दक्षिण प्रांत, उत्तर प्रांत, मध्य भारत प्रांत, विंध्य प्रान्त व छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा हिंदी गीत,संस्कृत गीत व लोकगीत विशुद्ध भारतीय संगीत वाद्य यंत्रों के माध्यम से बड़े ही मनमोहक ढंग से अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी गयीं.जिससे संपूर्ण सभागार देशभक्ति के भाव से सराबोर राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के संपर्क प्रमुख जुगराज धर द्विवेदी अध्यक्ष सेंट्रल रीजन के अध्यक्ष सुनील कोठारी विशिष्ट अतिथि सेंट्रल रीजन के महासचिव सुधीर अग्रवाल केंद्रीय पर्यवेक्षक भोपाल से पधारी श्रीमती साधना जैन, प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिला कांग्रेस कार्यालय एवं इंदिरा गांधी स्मारक पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो ने 19 नवंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती मनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश के विकास में जो योगदान दिया है उसे हम सब कभी भुला नही पायेंगे। वरिष्ठ नेता मनोहर साहू ने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व में विश्व का नक्शा बदला और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बंगलादेश का निर्माण कराया। आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू ने किया। इस अवसर पर भगवंत सिंह जाट, नीलू राय, वीरेंद्र पाठक, मदन महाराज , संतोष शुक्ला, अनिल राय , अस्सु नेमा, आशीष राजवैध, आनंद चैरसिया, हरीश पांडे के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

इंदिरा जी की जयंती मनाई

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस समीपी ग्राम ग्वारी के सामुदायिक भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जन्म जयंती मनाई गई इस अवसर पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के देश के लिए दिये गये बलिदान समर्पण उनके द्वारा कराए गए अनुकरणीय कार्यों को विस्तार से बताया।इस मौके पर पूर्व विधायक संजय शर्मा म.प्र. काँग्रेस कमेटी सचिव दीवान शैलेन्द्र सिंह,ब्लॉक काँग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश पटैल, महेंद्र तिजोरी वाले ठा राघवेंद्र सिंह श्रीकांत गुप्ता उमाकांत दुबे ज्ञानेश्वर पटैल भगवत पटैल जगदीश उदेनिया सरपंच देवेंद्र पटैल पंडित बाबूलाल ब्रजकिशोर उदयराम रामचरण हरलाल बीरेंद्र दलाल विपिन राजपूत राजू भूपेंद्र जयवार शिवकुमार सिंह राजबहादुर सिंह ईशू सिंह रोहित महेंद्र पटैल धनीराम सुकमन नीरज अमोल बलराम खेतसिग सोमनाथ खुमान सलीम वीरेंद्र परसोत्तम राजेश कामता प्यारेलाल कृष्णकुमार योगिंद्र दलाल दयाराम इत्यादि ।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा। विगत 13नबम्बर को विजयपुर विधानसभा उप चुनाव को लेकर कुछ लोगों द्वारा गोहटा गांव दलित बस्तियों में घुसकर तोड़फोड़ करने घरों में आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिए जाने गांव में संविधान निर्माता बाबा डा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ने की घटना को अंजाम देते हुए मतदान प्रभावित करने की मंशा से कुकृत्य किया था जिसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तेंदूखेड़ा तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया जिसमें ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ठाकुर राघवेन्द्र सिंह राजबहादुर सिंह ज्ञानेश्वर पटेल जगदीश उदेनिया ठा ईशु सिंह भगवत पटेल मुन्ना लाल पटेल रोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डी एम ओ केंद्र को बना दिया उपार्जन केन्द्र

किसानों को 50 किमी दूर से हो पाती हैं खाद बीज की व्यवस्था

तेंदूखेड़ा। एक तरफ जहां शासन किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए तरह तरह की योजनाएं चला रहा है लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र के किसानों के साथ प्रशासनिक उदासीनता के चलते उन्हें समय पर लाभ नहीं मिल पाने के कारण किसान परेशान होकर सीजनेविल फसलों की व्यवस्था में डेढ़ से दो गुनें दामों में खाद बीज की व्यवस्था कर पाते हैं। ऐसा ही एक मामला तेंदूखेड़ा क्षेत्र में देखने को मिला जहां यहां का डबल लाक स्टिम खाद बीज वितरण केन्द्र डी एम ओ वेयर हाउस को कुछ समय के लिए खोलकर पुनः बंद कर दिया गया है। जिससे यहां के कृषकों को अब 40से50 किमी की दूरी तय करके करेली से खाद बीज की व्यवस्था बनानी पड़ती है। चूंकि दूरी के मान से और समय पर उठाव की व्यवस्था ना हो पाने के कारण समीपवर्ती गांव की सोसाइटी खाद बीज ठा लेते हैं और तेंदूखेड़ा क्षेत्र के किसान वंचित हो जाते जिसका सीधा लाभ व्यापारी वर्ग उठाता है जो डुप्लीकेट और अपने मनमाने दामों पर खाद बेचते हुये देखे सुने जा सकते हैं।

वर्ष 2017-18 में बनाया था केंद्र

गौरतलब रहे कि जिले की सभी तहसीलों में अलग अलग खाद बीज वितरण केन्द्र की व्यवस्था पूर्व से ही गई है ।लेकिन तेंदूखेड़ा क्षेत्र के किसानों की खाद बीज संबंधी समस्यायों को लेकर यहां पर वर्ष 2017 -18 में यहां पर यह केंद्र बनाया तो गया लेकिन वह महज कुछ ही महीनों बाद बंद कर दिया और अब इस केंद्र को गेंहू धान का उपार्जन केन्द्र के साथ साथ पी डी एस का चावल गोदाम बना दिया गया है।

लगता है अधिक भाड़ा

सबसे बड़ी समस्या एक यह और बनीं हुई है कि वर्तमान में जहां से खाद बीज आता है वहां की दूरी के मान से भाड़ा अधिक हो जाता है। चूंकि भले ही तेंदूखेड़ा से करेली की दूरी 40किमी है लेकिन हीरापुर भामा मदनपुर सर्रा और बंधी के लिए यह दूरी 50 से 55 किमी दूर हो जाती है।आरो कटने के बाद जब तक सोसाइटी वाहनों की व्यवस्था करके वहां पहुंच पाता है तब तक केंद्र से पास की सोसाइटी खाद उठाकर ले जाती है। इसमें भी सबसे बड़ी समस्या यह देखने को मिला करती है कि बीच में खाद की बोरियां भी बदल जाती है जो मोटे बारीक और फिर गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़ा करतीं हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के किसानों ने एक बार फिर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से यहां पर खाद वितरण केन्द्र प्रारंभ किया जाये।

बैठक में रखा है प्रस्ताव

किसान संघ के एकम सिंह पटेल ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इस विषय को लेकर जिला बैठक में जिले की कलेक्टर एवं क्षेत्रीय सांसद विधायक की उपस्थिति में यह विषय रखा है किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए यह केंद्र शीघ्र ही शुरू होना चाहिए।